Title : Regarding restarting production in Indian Copper Complex Plant at Ghatsila, Jharkhand.

श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर): पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड (मऊभंडार) स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (HCL) इंडियन कॉपर कॉप्लेक्स (ICC) वर्ष 1932 से स्थापित प्लांट है। उक्त प्लांट पिछले 3 साल से बंद पड़ा हुआ है क्योंकि ICC प्लांट में HCL की ही मलाजखंड इकाई से सप्लाई होने वाली ताम्र सांद्र अयस्क से उत्पादन कार्य होता है। दुर्भाग्यवश, HCL लंबे समय से ताम्र सांद्र अयस्क की सप्लाई ICC इकाई में नहीं कर सीधे बाजार में बेच रही है। सांद्र अयस्क की कमी के कारण ICC स्मेल्टर बंद है। ऐसा प्रतीत होता हैं कि HCL प्रबंधन प्लांट को बेचने का मन बना रही है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के आसपास के निवासियों, कार्यरत मजदूरों एवं कामगारों में भारी आक्रोश है। कोरोना महामारी के बीच बीते डेढ़ साल से असंगठित क्षेत्र के हजारों मजदूर बेरोजगार हो चले हैं जो चिंता का विषय है। साथ ही साथ पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र स्थित राखा कॉपर एवं चापड़ी माइंस बीते दो दशक से बंद पड़ी हुई है। इस माइंस को चालू कराने हेतु मैं लंबे समय से प्रयासरत हूं। उक्त प्रयास के फलस्वरूप तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी ने माइंस को चालू कराने हेतु लीज पर 100 एकड़ भूमि उपलब्ध कराया था, ताकि बंद खदानें चालू हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। उक्त माइंस के कंपनी प्रबंधन के द्वारा फरवरी 2019 में भूमि पूजन भी किया गया था जिसमें तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी एवं कंपनी के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। परंतु HCL प्रबंधन द्वारा ढाई वर्ष बीतने के बाद भी माइंस को खोलने हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई है जिससे स्थिति जस का तस बना हुई है। अतः मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि अविलंब पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत घाटशिला प्रखंड स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड- इंडियन कॉपर कॉप्लेक्स प्लांट में उत्पादन एवं मुसाबनी प्रखंड के राखा कॉपर एवं चापड़ी माइंस को चालू कराने की कृपा की जाय।